प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18.00 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज सोलन विधानसभा क्षेत्र में 27 करोड़ 43 लाख रूपए की पांच विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। इनमें औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भवन सायरी वन विश्राम गृह सेरीघाट और ममलीग पंचायत के बशील में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण शामिल है। इसके अलावा कायसू में सौर ऊर्जा संयंत्र और ममलीग में राजीव गांधी राजकीय आदर्श डे-बोर्डिंग स्कूल की आधारशिला भी शामिल हैं। इस अवसर पर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार हर क्षेत्र में विकास कार्य कर रही है और सरकार के नीतिगत बदलावों के साकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

जगत सिंह नेगी

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने स्पष्ट किया है कि धारा 118 में कोई छेड़छाड़ या बदलाव नहीं किया जा रहा है। आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने इस संबंध में विपक्ष के आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि धारा 118 में विधानसभा की मंजूरी के बिना संशोधन संभव ही नहीं है। जगत सिंह नेगी ने कहा कि विधानसभा में जो संशोधन पहले किया गया था वो केवल धार्मिक संस्थाओं के लिए था ताकि उन्हें सीलिंग एक्ट से बाहर रखा जा सके।

कैबिनेट-निर्णय

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के कार्यक्षेत्र को मंजूरी दे दी है। मत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में संवाददाताओं को बताया कि आयोग अपने गठन की तिथि से 18 महीनों के भीतर अपनी सिफारिशें देगा। उन्होंने बताया कि आयोग में एक अध्यक्ष, एक अंशकालिक सदस्य और एक सदस्य-सचिव होंगे।

मंत्रिमंडल ने रबी सीजन 2025-26 के लिए फॉस्फेटिक और पोटाशिक उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरों को भी स्वीकृति दे दी है। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने रबी 2025 के लिए लगभग 37 हजार नौ सौ 52 करोड़ रुपये की सब्सिडी को मंजूरी दी है। ये दरें पहली अक्तूबर से लागू होंगी।

विक्रमादित्य

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की ओगली पंचायत में करोड़ों रूपए की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक गांव को सड़कों से जोड़ने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है ताकि ग्रामीण क्षेत्र मुख्यधारा के साथ जुड़कर विकास की ओर अग्रसर रहे। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि क्षेत्र में करीब 2 सौ करोड़ रूपए की लागत से सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। इस दौरान लोक निर्माण मंत्री ने पन्दोआ खड्ड से केल बागड़ी उठाऊ पेयजल योजना का लोकार्पण भी किया। इस योजना से क्षेत्र की आठ पंचायतों के लोगों को पेयजल सुविधा मिलेगी।

राजेश धर्माणी

नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने अधिकारियों को विकास परियोजनाओं को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए हैं ताकि इनका लाभ आम लोगों को मिल सके। वे आज बिलासपुर में विभिन्न विभागों के माध्यम से चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। राजेश धर्माणी ने भारी बरसात के दौरान प्रभावित गरीब व ज़रूरतमंद परिवारों को आपदा राहत में शामिल करने के निर्देश भी दिए ताकि कोई भी परिवार राहत राशि से वंचित न रहे।

---